


एक नजर में

## सरपंच और उसके साथी ने की मारपीट

**सोनकच्छ।** एक तरफ सरकार ग्रामीणों को पंचायती राज के माध्यम से सक्षम बनाने का प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ़ पंचायती राज के मुखिया जिसे गांव के ही लोग अपना वोट देकर सरपंच के रूप में चुनते हैं और वहीं जब सरपंच चुनने वाले के साथ मारपीट करे तो वह ग्रामीण कहा जाएं। ऐसा ही मामला सोनकच्छ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जलेरीया का है जहां पर गांव के महेन्द्र सिंह सेंधव पिता फतेहसिंह सेंधव ने सचिव कमल सिंह और सरपंच ऋतुराज सिंह सेंधव पिता चंदर सिंह सेंधव से अंबेडकर जयंती पर ग्राम सभा आयोजित क्यों नहीं की गई , यह पुंछने पर सरपंच ऋतुराज सिंह और उसके एक साथी कृपाल सिंह द्वारा 14 अप्रैल की देर रात को फरियादी महेन्द्र सिंह के घर पहुंच कर गाली गलौज करते हुए दराते और सब्बल से मारपीट कर घायल कर दिया तथा फरियादी की बेटी के साथ भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि आइंदा मेरी पंचायत की मीटिंग में बोला तो जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने फरियादी महेन्द्र सिंह की रिपोर्ट दर्ज कर सरपंच और उसके साथी दोनों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया



**देवास।** नवनियुक्त भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महेश परमार की स्वागत रैली कन्नौद से देवास पहुंची इस दौरान इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग 59 बिजवाड़ चौराहे पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा महेश परमार का भव्य स्वागत क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू के नेतृत्व स्वागत सम्मान कर युग दृष्टा राष्ट्र संत स्वामी विवेकानंद जी कि प्रतिमा जिला अध्यक्ष को भेंट की इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता किसान मोर्चा मंडल महामंत्री रामेश्वर जाट तकत सिंह कनोडिया सुरेश जायसवाल पानी गांव नरेंद्र वर्मा दीपक शर्मा विश्राम नायक राहुल बैरागी महेंद्र जाट अरुण बडोनिया आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा का स्वागत किया।

## बैंक सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**भौरासा।** सिंगरौली में हुई बैंक लूट की घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार आज भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह एवं पुलिस स्टाफ द्वारा भौरासा नगर में स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया तथा जिला सहकारी बैंक को चेक किया गया संबंधित बैंक मैनेजर से बैंक की सुरक्षा के संबंध में चर्चा की गई उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैंकों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए बैंकों में निरीक्षण के दौरान बैंक मैनेजर एवं सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि वे बैंक परिसर में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके साथ ही बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए इसके अतिरिक्त, सभी बैंकों को इमरजेंसी अलार्म सिस्टम, फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित चेकिंग करने एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सूचना संकलन में लगे कर्मचारियों एवं बैंक परिसर में डायल-112 नंबर का फ्लेक्स/बैनर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए। भोरासा थाना प्रभारी सिंह द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बैंक सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा : व्याख्यान माला में दी विधिक जानकारी




**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की आईक्यूएसी एवं महिला उत्पीड़न विभेद वर्जन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान माला एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें प्रमुख वक्ता न्यायाधीश सुभाष चौधरी, डिस्ट्रिक लीगल एंड अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सत्र न्यायालय देवास तथा गीता ठाकुर ब्लॉक महिला सशक्तिकरण अधिकारी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. विद्या महेश्वरी, डॉ. भारती कियावत, डॉ. लता धुपकरिया, डॉ. लीना दुबे एवं डॉ. सत्यम सोनी ने मंच साझा किया। प्रमुख वक्ता न्यायाधीश सुभाष चौधरी ने अपने उद्बोधन में कानूनी अधिकार एवं कार्य स्थल पर लैंगिक समानता विषय पर संबोधित करते हुए भरण पोषण अधिनियम पास्को एक्ट लेबर, अभियोजन, अनुच्छेद 14 ,15 एवं 21 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला बाल विकास अधिकारी गीता ठाकुर ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि देवास जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए हमें सभी को जागरुक करते रहना चाहिए। डॉ सत्यम सोनी ने अपने उद्बोधन में वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता को विस्तारपूर्वक समझाया। डॉ. विद्या महेश्वरी ने साइबर सिक्योरिटी वर्तमान समय की आवश्यकता है पर सभी को संबोधित किया। प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। डॉ प्रतिमा रायकवार ने बताया कि महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन, कल की महिला नेतृत्व पर आधारित पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ मनोज मालवीय ने कहा कि महाविद्यालय में कौशल विकास और उद्यमिता पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन डॉ संजय गाडगे ने तथा आभार डॉ संदीप नागर ने माना।

## ब्लैकमेलिंग-भ्रूण हत्या कांड-डॉ . चारु तिवारी रिमांड पर

**दो आरोपियों को जेल, पत्रकारों को फंसाने वाले मास्टरमाइंड का नाम सामने की संभावना**

**देवास।** शहर में सामने आए ब्लैकमेलिंग और भ्रूण हत्या से जुड़े चर्चित मामले में पुलिस कार्रवाई तेज हो गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी अरोरा और धनेचा को 10 दिन के लंबे रिमांड के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। उलेखनीय है कि धनेचा व अरोरा का पुलिस ने पांच पांच दिन का दो बार रिमांड मांगा था वहीं, जेल में बंद डॉ. चारु तिवारी को आगे की पूछताछ के लिए सोमवार तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामले में सामने आए वीडियो के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि पहला प्रकरण कोठारी नर्सिंग होम के एक डॉक्टर द्वारा और दूसरा प्रकरण डॉ. चारु तिवारी द्वारा किए जाने की बात सामने आई है। वीडियो वायरल होने के बाद डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ भ्रूण हत्या का मामला दर्ज किया गया था। सूत्रों के अनुसार, रिमांड के दौरान डॉ. चारु तिवारी से गहन पूछताछ की जाएगी, जिसमें कई अन्य डॉक्टरों के नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

लगातार दो वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है, जिनमें से एक पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है।वहीं, एक अन्य वीडियो विनायक हॉस्पिटल से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि उस वीडियो के आधार पर अभी तक किसी डॉक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और रिमांड के दौरान नए खुलासों के साथ ही पत्रकारों को ब्लैकमेलिंग में फंसाने की प्लानिंग करने वाले मास्टरमाइंड का नाम भी सामने आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## अनाज में छुपा था 10 लाख का अवैध गोंद

**देवास।** वन विभाग ने बागली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने लगभग 10 लाख रुपये का अवैध गोंद बरामद किया है। यह गोंद एक मिनी ट्रक में अनाज के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर मिनी ट्रक को रोका। यह कार्रवाई शुक्रवार को देवास वनमंडलाधिकारी अमित चौहान के निर्देशन में की गई।

जानकारी अनुसार, वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि एक



मिनी ट्रक में भारी मात्रा में अवैध गोंद अनाज में छिपाकर ले जाया जा रहा है। परिक्षेत्र अधिकारी सत्येंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।टीम ने संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया। बागली परिक्षेत्र और पुंजापुरा परिक्षेत्र के वन स्टाफ ने बरझाई-बागली मार्ग पर अमोदिया स्कूल के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में ड्राइवर श्यामु पिता छितु निवासी रातातलाई ने बताया कि वाहन और गोंद जितेंद्र निवासी पुंजापुरा का है।टीम द्वारा दस्तावेज मांगे जाने पर ड्राइवर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। वन विभाग ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## देवास जिला सेवा भारती समिति का गठन

**सोनकच्छ।** शुक्रवार को देवास नगर में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की विभाग बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभाग संघचालक अजय गुप्ता, मालवा सेवा भारती अध्यक्ष रवि भाटी , कोषाध्यक्ष जय काकवानी, नंदकिशोर नागर, रामजी लोधी, जुझारसिंह राजपूत व प्रेमसागर राठौर की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई।

जिसमें सर्वसम्मति से देवास जिला सेवा भारती की जिला



समिति का गठन किया गया है। जिसमें सतेन्द्र जैन अध्यक्ष, स्वाति कुमार उपाध्यक्ष, दिनेश श्रीवास सचिव, आशीष परिहार सहसचिव, पवन अग्रवाल कोषाध्यक्ष, राजेश चौहान सम्पर्क प्रमुख, विकास निगम प्रचार प्रमुख, दिवाकर बोडाके, मनोज जैन, शंकरलाल शर्मा, जमनालाल माली, रोहित पटेल, सचिन नाहर, महेश मण्डलोई, गोर्वधनसिह ठाकुर सदस्य नियुक्त किए गए।

## तीन बत्ती चौराहा पर मकान में आग, गद्दे-फर्नीचर जले

**देवास।** शहर के तीन बत्ती चौराहा क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक मकान में अचानक आग लगने की घटना सामने आई। आग मकान की ऊपरी मंजिल पर लगी, जिसमें गद्दे और फर्नीचर जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया था, जिसके बाद टीम ने आग को पूरी तरह बुझाया। आग लगने की सूचना पर सीएसपी और तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आग



लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। घटना में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से झुलस गए थे, जिन्हें इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। तहसीलदार सपना शर्मा के अनुसार, आग नफीस नाम के व्यक्ति के मकान में लगी थी। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

## प्रबुद्धजन संगोष्ठी में बाबा साहब के विचारों को अपनाने का आह्वान

**देवास।** भाजपा कार्यालय देवास में शनिवार को आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. सावन सोनकर ने कहा कि आज हम ऐसे महान व्यक्तित्व को नमन कर रहे हैं, जिन्होंने पूरे विश्व में मानवीय गरिमा के लिए सबसे बड़ा संघर्ष किया।




उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा और आज पूरा देश बाबा साहब की वंदना करता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के लिए प्रेरणा हैं। आज अनगिनत विद्वान, समाजशास्त्री और राजनीतिक चिंतक उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाबा साहब से जुड़े स्थलों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित करने के प्रयासों का भी उल्लेख किया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी ने बताया कि बाबा साहब से जुड़े पांच प्रमुख स्थान—मध्यप्रदेश का महू, महाराष्ट्र का नागपुर, मुंबई, नई दिल्ली और लंदन—को पंचतीर्थ का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि महू बाबा साहब की जन्मस्थली, नागपुर दीक्षा स्थली, मुंबई चैत्यभूमि, दिल्ली महापरिनिर्वाण स्थल तथा लंदन उनकी शिक्षा स्थली के रूप में प्रसिद्ध हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। उन्होंने शोषितों, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को स्थापित किया तथा अनुच्छेद 17 के जरिए अस्पृश्यता को समाप्त किया। श्रमिकों के हित में कार्य करते हुए उन्होंने कार्य के घंटे 12 से घटाकर 8 किए और न्यूनतम वेतन, भविष्य निधि जैसी व्यवस्थाओं का समर्थन किया। महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, शिक्षा और समान अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहब ने संघर्ष किया। उनका मानना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो ही समाज परिवर्तन का मूल मंत्र है।

## पेंशनर-वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास की कार्यकारिणी बैठक

**देवास । पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास की जिला कार्यकारिणी की बैठक मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में संघ के संरक्षक मार्गदर्शक एम एल मालवीय देवड़ा के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष पण्डित देवीशंकर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव अरविंद शर्मा ने किया।**

सभी सदस्यों का स्वागत कोषाध्यक्ष अशोक चौहान ने किया। आभार प्रदर्शन देवास तहसील अध्यक्ष अनिल नागर ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि धारा 49 छ: को समाप्त करने, शिक्षकों के अर्जित अवकाश का भुगतान शीघ्र किया जाए, 30




जून एवं 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि जल्दी दी जाय, चतुर्थ वेतनमान पेतिस वर्ष की सेवा पूरी करने वाले सभी को दिया जाए, इन सभी मांगों को पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को जिला एवं तहसील स्तर पर ज्ञापन दिया जाय। इसके अलावा सभी सदस्यता अभियान को जल्दी पूर्ण करें , सभी तहसीले वार्षिक साधारण सभा की रुपरेखा तैयार करें। जिला कार्यकारिणी में नये सदस्य जोड़ने पर सहमति बनी। बैठक में जिला कार्यकारिणी के ओ पी सोलंकी,प्रमोद भावसार, अरुण शैव्य, शंकरलाल शर्मा, राधेश्याम सोलंकी,बी के मोदी, कालूराम नवगोत्री, रामप्रसाद खराडिया, फूलसिंह नागर, विक्रम पटेल, दयाराम लुवानिया आदि मौजूद थे। जानकारी जिला अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी ने दी।

## वन क्षेत्र में फसल अवशेष जलाने से लगी आग, प्रकरण दर्ज

**देवास।** वन विभाग द्वारा वनों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीएफओ देवास अमित चौहान के निर्देशन एवं विकास मोहरे एसडीओ देवास, गजानन बिरला रेज ऑफिसर देवास के मार्गदर्शन मे हाटपीपल्या सबरेंज में एक बड़ी कार्रवाई की गई है।

वन क्षेत्र में अवैध रूप से आग लगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी महेश पिता मोहन लाल, निवासी बरोद दोलत जिला इंदौर, ने अपने ससुर दयाराम पिता काशीराम के ग्राम शुक्रवासा मे स्थित खेत के फसल अवशेषों



(नरवाई) में आग लगाई थी। हवा की गति के कारण यह आग पास के वन क्षेत्र तक फैल गई, जिससे वनक्षेत्र प्रभावित हुआ है। वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। वन अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई परिक्षेत्र सहायक अधिकारी शिवप्रताप सिंह, वनरक्षक हिम्मत सिंह, अमन मिश्रा, कृष्णा यादव द्वारा संपन्न की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय बागली के समक्ष पेश किया गया ।विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्रों के समीप आग जलाने या लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

एक नजर में — चिकित्सा का चमत्कार- पति पत्नी का लिवर फिर बना पूर्ण

## 95 प्रतिशत लिवर खराब, फिर भी जीती जंग- पत्नी के त्याग और अपनों के साथ से नीतीश को मिला पुनर्जन्म

**सोनकच्छ।** कहते हैं कि जब इंसान के बचने की उम्मीद महज 5 प्रतिशत रह जाए, तो वहां से वापसी केवल चमत्कार और अपनों के अटूट प्रेम से ही संभव है। सोनकच्छ के नीतीश कानून गो की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है। आज विश्व लिवर दिवस पर नीतीश अपनी उस दास्तां को साझा कर रहे हैं, जो 95त्न लिवर खराब होने की रिपोर्ट के साथ शुरू हुई थी, लेकिन जिसका अंत एक नई जिंदगी के साथ हुआ। 2 मई 2025 को इंदौर में 18 घंटे चली जटिल सर्जरी ने इतिहास रच दिया। नीतीश की पत्नी आयुषी कानूनगो ने अपने लिवर का हिस्सा दान कर प्रेम और साहस की सर्वोच्च मिसाल पेश की। इस फैसले में सबसे बड़ी भूमिका आयुषी के मायके (माता-पिता और परिवार) की रही। अपनी लाडली बेटी की जान को खतरा होने के बावजूद, उन्होंने नीतीश की जान बचाने के लिए एक ही बार में सहर्ष अपनी सहमति दे दी। यह निर्णय उनके त्याग और अटूट विश्वास का प्रमाण था।नीतीश के सफल ट्रांसप्लांट का श्रेय देश के जाने-माने विशेषज्ञों को जाता है। वर्तमान में ये विशेषज्ञ डॉक्टर हैदराबाद में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उन्होंने टीम के साथ इंदौर



आकर इस 18 घंटे की जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नीतीश गर्व से कहते हैं, जिंदगी बचाने के लिए किया गया त्याग ही असली त्याग है। आज दोनों का लिवर फिर से पूर्ण रूप से विकसित हो चुका है। नीतीश की इस जंग में उनके भाइयों और बहन ने एक अभेद्य दीवार की तरह साथ दिया। भाई कार्तिकेय, प्रतीक, और राजदीपक (प्रियंक) ने जहां इलाज की व्यवस्था और मार्गदर्शन की कमान संभाली, वहीं बहन प्रगति ने सर्जरी के बाद के कठिन समय में उन्हें मानसिक संबल दिया। माँ अंतिमबाला आज भी साये की तरह साथ रहती हैं और उनकी दवाइयों का पूरा ध्यान रखती हैं।

सोनकच्छ की एकजुटता- रोटरी क्लब और अभिभावक संघ की पहल नीतीश बताते हैं कि जब यह संकट आया, तो अभिभावक संघ और रोटरी क्लब सोनकच्छ ने सबसे पहले सहयोग का हाथ आगे बढ़ाया। उनकी इस शुरुआती पहल ने पूरे नगर में सकारात्मक ऊर्जा भर दी। इसके बाद नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संगठनों और मित्रों ने जो आर्थिक और मानसिक सहयोग दिया। उसी के ऋण से नीतीश आज फिर अपने पैरों पर खड़े हैं। मित्र महेंद्रसिंह (नाना) ने एक सारथी की तरह अस्पताल से लेकर आज तक साथ निभाया। 5 वर्षीय बेटी सान्वी की मासूम पुकार- पापा आप ठीक हो जाओगे —उनके लिए सबसे बड़ी संजीवनी बनी। आज नीतीश और आयुषी पूरी तरह स्वस्थ हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म .प्र .)

सूचना क्र./13/लो.नि.वि./ 26 — **निविदा सूचना** — देवास, दिनांक- 16.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर आ.ई.डी. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_500835_1 | शहर के वार्ड क्रं. 01 से 45 तक मे स्थित GVP स्थानों पर पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस, 15,00,000 / - | 2,000/- . 11,250 / - | 22.04.2026 |
| 02 | 2026_UAD_501273_1 | शहर के वार्ड क्रमांक 01 से 45 तक के विभिन्न स्थानों पर स्थित नाला/पुलियाओं पर जाली लगाने का कार्य। (द्वितिय निविदा) | 60 दिवस, 10,00,000 /- | 2,000/- 10,000 /- | 22.04.2026 |
| 03 | 2026_UAD_501198_1 | वार्ड क्रं. 25 आदर्श कॉलोनी स्थित विनायक परिसर मे बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, जाली, पेवर्स ब्लॉक एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। (द्वितिय निविदा) | 60 दिवस, 7,00,000 /- | 2,000 /- 7,000 /- | 28.04.2026 |
| 04 | 2026_UAD_500906_1 | वार्ड क्रं. 29 शासकीय भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस, 15,00,000 / - | 2,000/- 11,250 / - | 28.04.2026 |
| 05 | 2026_UAD_501167_1 | वार्ड क्रं. 30 शिमला कॉलोनी मे सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस, 9,19,000 / - | 2,000/- 9,190/- | 28.04.2026 |
| 06 | 2026_UAD_500843_1 | पं. दीनदयाल प्रशासनिक भवन (नगर निगम) में निर्मित तृतीय मंजिल मे फर्नीचर प्रदाय कर फिक्सिंग कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस, 26,31,000/- | 5,000/- 19,733/- | 28.04.2026 |
| 07 | 2026_UAD_500861_1 | पं. दीनदयाल प्रशासनिक भवन (नगर निगम) मे प्लायवुड पार्टीशन कार्य एवं रिपेयर कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस, 10,00,000 /- | 2,000/- 10,000/- | 28.04.2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास